-----------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति**

## समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष 31 मार्च, 2019 के वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया.

### वित्तीय वर्ष 2018-19 के प्रमुख तथ्य

नकद वसूली एवं उन्नयन ⬆ 188.5% (वार्षिक वृद्धि दर)

पीसीआर ⬆ 66.24% (908 बीपीएस वार्षिक वृद्धि)

घरेलू अग्रिम ⬆ 7.8% (वार्षिक वृद्धि दर)

सीआरएआर ⬆ 11.78%

शुद्ध ब्याज आय ⬆ 9.8% (वार्षिक वृद्धि दर)

**कारोबार :**

- वैश्विक कारोबार 31 मार्च, 2018 के ₹722362 करोड़ के सापेक्ष 2.6% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को ₹741307 करोड़ हो गया . घरेलू कारोबार 31 मार्च, 2018 को ₹691533 करोड़ के सापेक्ष 4.7% की दर से बढ़कर 31 मार्च, 2019 को ₹724031 करोड़ हो गया.
- बैंक की कुल जमाराशि 1.8% की वृद्धि दर से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को ₹408502 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2019 को ₹415915 करोड़ हो गयी.
- कासा जमाराशि 7.8% की वृद्धि दर से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को ₹139241 करोड़ के सापेक्ष 31 मार्च, 2019 को ₹150141 करोड़ हो गयी.
- कुल जमाराशियों में कासा जमाराशियों का भाग 31 मार्च, 2018 के 34.1% की तुलना में 31 मार्च, 2019 को बढ़कर 36.1% हो गया.
- बैंक के वैश्विक अग्रिम 31 मार्च, 2018 के ₹313860 करोड़ के सापेक्ष 3.7% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2019 को ₹325392 करोड़ हो गया.
- घरेलू अग्रिम 31 मार्च, 2018 के ₹288336 करोड़ के सापेक्ष 7.8% की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2019 को ₹310932 करोड़ हो गया.

**मार्च 2019 को समाप्त तिमाही में वित्तीय कार्यनिष्पादन :**

- शुद्ध ब्याज आय जनवरी-मार्च, 2018 के ₹2193 करोड़ में 18.6% की वृद्धि के साथ जनवरी-मार्च, 2019 में ₹2602 करोड़ हो गयी.
- गैर ब्याज आय अक्टूबर-दिसंबर, 2018 के ₹1095 करोड़ में 16.2% की वृद्धि के साथ जनवरी-मार्च, 2019 में ₹1272 करोड़ हो गयी.
- परिचालन लाभ अक्टूबर-दिसंबर, 2018 के ₹1810 करोड़ के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2019 में ₹1730 करोड़ रहा.
- अधिक प्रावधान के कारण जनवरी-मार्च, 2019 में शुद्ध हानि ₹3370 करोड़ रही.

- वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) अक्टूबर-दिसंबर, 2018 के 2.23% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2019 में बढ़कर 2.27% हो गया. घरेलू एनआईएम अक्टूबर-दिसंबर, 2018 के 2.23% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2019 में 2.38% रहा.
- औसत आस्तियों पर प्रतिफल (वार्षिक) जनवरी-मार्च, 2019 में -2.71% रहा.
- निधियों पर आय जनवरी-मार्च, 2018 के 6.43% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2019 में सुधार के साथ 6.72% रही.
- निधियों की लागत जनवरी-मार्च, 2018 के 4.69% के सापेक्ष जनवरी-मार्च, 2019 में घटकर 4.63% हो गयी.

**मार्च 2019 में समाप्त वित्तीय वर्ष का वित्तीय कार्यनिष्पादन :**

- शुद्ध ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹9305 करोड़ की तुलना में 9.8% की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹10215 करोड़ हो गई.
- गैर ब्याज आय वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹4990 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹4474 करोड़ रही.
- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹7640 करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹7521 करोड़ रहा.
- शुद्ध हानि वित्तीय वर्ष 2017-18 में ₹5247 करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में ₹2948 करोड़ रही.
- वैश्विक शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्तीय वर्ष 2017-18 के 2.07% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में बढ़कर 2.23% हो गया. घरेलू एनआईएम वित्तीय वर्ष 2017-18 के 2.17% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में सुधार के साथ 2.28% हो गया.
- औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (वार्षिक) वित्तीय वर्ष 2017-18 के -1.07% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में -0.59% रहा.
- इक्विटी पर प्रतिलाभ (वार्षिक) वित्तीय वर्ष 2018-19 में -15.57% रहा.
- निधियों पर आय वित्तीय वर्ष 2017-18 के 6.71% की तुलना में वित्तीय वर्ष 2018-19 में सुधार के साथ 6.85% हो गयी.
- प्रति शेयर आय (वार्षिक) वित्तीय वर्ष 2018-19 में -₹25.08 रही.

**आस्ति गुणवत्ता :**

- नकद वसूली और उन्नयन वित्तीय वर्ष 2017-18 के ₹2235 करोड़ के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2018-19 में 188.5% बढ़कर ₹6447 करोड़ हो गया.
- सकल एनपीए अनुपात 31 दिसंबर, 2018 के 15.66% और 31 मार्च, 2018 के 15.73% के सापेक्ष 31 मार्च, 2019 को 14.98% रहा.
- शुद्ध एनपीए अनुपात 31 दिसंबर , 2018 के 8.27% और 31 मार्च , 2018 के 8.42% के सापेक्ष 31 मार्च , 2019 को 6.85% रहा.
- प्रावधान कवरेज अनुपात 31 मार्च, 2018 के 57.16% में सुधार के साथ 31 मार्च, 2019 को 66.24% हो गया. 31 दिसंबर, 2018 को यह 58.84% था.

**पूँजी पर्याप्तता :**

- बासल III के अंतर्गत बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 दिसंबर, 2018 के 11.43% तथा न्यूनतम विनियामक अपेक्षा 10.875% की तुलना में 31 मार्च, 2019 को 11.78% हो गया.
- 31 मार्च, 2019 को टियर I अनुपात 9.48% है, जिसमें इक्विटी टियर I 7.375% की न्यूनतम विनियामक अपेक्षा की तुलना में कॉमन इक्विटी टियर I अनुपात 8.02% है.

**डिजिटल पहल :**

ग्राहकों की सुविधा को बढ़ाने के लिए बैंक ने अपने 100वें स्थापना वर्ष में विभिन्न प्रकार के नए उत्पादों का शुभारंभ किया है. वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान शुरू किए गए कुछ महत्वपूर्ण उत्पाद इस प्रकार हैं:

- **मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन (यू मोबाइल) का नया रूपान्तर** बैंक ने वर्धित विशेषताओं एवं कार्यक्षमताओं के साथ मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन के नए वर्जन को प्रारम्भ किया है. यह एक ऑल-इन-वन एप्लिकेशन है जिसके माध्यम से ग्राहक अनेक प्रकार की सुविधाएं जैसे मियादी एवं आवर्ती जमा खातों के खोलने /बंद करने, शेषराशि की जानकारी, संक्षिप्त विवरण, निधि अंतरण, यूपीआई, बिल भुगतान आदि प्राप्त कर सकते हैं.
- **कॉम्बो कार्ड:** कॉम्बो कार्ड एक टू-इन-वन कार्ड है जो, कार्डधारक को उपयुक्त, लचीलापन एवं डेबिट/क्रेडिट सुविधा के लिए एक भौतिक कार्ड चुनने की सुविधा प्रदान करता है तथा जिसमें कार्ड धारक को दो कार्ड रखने की आवश्यकता नहीं होती.
- **नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड:** नए प्रकार का आरंभ किया गया कार्ड रुपे क्यू स्पार्क (क्विक स्पेशिफिकेशन फॉर पेमेंट एप्लिकेशन ऑफ रुपे चिप) आधारित डेबिट कार्ड विशिष्टताओं पर नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) की सरकारी पहल को मूर्त रूप प्रदान किया है.
- **वीज़ा सिग्नेचर कांटैक्टलेस डेबिट कार्ड:** विशेष ग्राहकों को डेबिट कार्ड ऑफर प्रदान करने के लिए, बैंक द्वारा वीज़ा सिग्नेचर कांटैक्टलेस डेबिट कार्ड जारी किया गया है जिसमें ग्राहक ₹2000 तक के प्रति लेनदेन प्रति कार्ड के कांटैक्टलेस भुगतान के लिए इसका प्रयोग कर सकता है.

**वित्तीय समावेशन :**

- प्रधानमंत्री जन-धन योजना **(पीएमजेडीवाई)** के अंतर्गत बैंक में 98 लाख से भी अधिक खाते हैं, जिनमें ₹2404 करोड़ की राशि जमा है.
- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना **(पीएमएसबीवाई)**, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना **(पीएमजेजेबीवाई)** और अटल पेंशन योजना **(एपीवाई)** के अंतर्गत कुल नामांकन बढ़कर क्रमश : 38.6 लाख, 14.8 लाख एवं 4.9 लाख हो गए हैं.
- बैंक ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान 195996 लाभार्थियों को ₹4402 करोड़ का वित्तपोषण किया है, जिसमे ₹3350 करोड़ बकाया राशि है .

**नेटवर्क :**

- 3 समुद्रपारीय शाखाओं हांगकांग, डीआईएफ़सी (दुबई) तथा सिडनी (आस्ट्रेलिया) को मिलाकर 31 मार्च, 2019 को बैंक का शाखा नेटवर्क 4291 है. इसके अतिरिक्त अबू धाबी में बैंक का प्रतिनिधि कार्यालय है. बैंक अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड' के माध्यम से इंग्लैंड में भी अपना कारोबार कर रहा है.
- 31 मार्च, 2019 को बैंक के 4483 टॉकिंग एटीएम और 5586 माइक्रो एटीएम सहित एटीएम की कुल संख्या 12236 हो गई है. शाखा के सापेक्ष एटीएम का अनुपात 2.9 है.

**वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान पुरस्कार एवं सम्मान:**

| द्वारा पुरस्कृत | पुरस्कार | के लिए पुरस्कृत |
|---|---|---|
| भारत सरकार | एमएसएमई के लिए उदयमित्र | पीएसबी रिफॉर्म एजेंडा के अंतर्गत इन्हैंस्ड एसेस एंड सर्विस एक्सिलेंस (ईएएसई) अवार्ड |
| गोल्डेन पीकॉक | नेशनल ट्रेनिग अवार्ड | कॉर्पोरेट लीडरशिप एंड इंस्टीटुशनल एक्सिलेंस-नेशनल ट्रेनिग अवार्ड |
| एशिया पेसिफिक एचआरएम कॉंग्रेस | एशिया पेसिफिक एचआरएम कॉंग्रेस अवार्ड | नवोन्मेषी मानव संसाधन प्रथाओं के साथ संस्था |
| वर्ल्ड एचआरडी कॉंग्रेस | ग्लोबल ट्रेनिंग एंड लीडरशिप डेव्लपमेंट अवार्ड | उच्च प्रबंधन संवर्ग में सार्वजनिक क्षेत्र बैंक में सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व विकास कार्यक्रम पुरस्कार |
| | | प्रशिक्षण और विकास में उत्कृष्टता के लिए अवार्ड |
| | | ट्रेनिंग के लिए प्रोधोगिकी का सर्वश्रेष्ठ उपयोग |
| प्रशिक्षण एवं विकास के लिए इंडियन सोसाइटी | स्पेशल कामंडेशन अवार्ड | सार्वजनिक क्षेत्र के इकाइयों में नवोन्मेषी प्रशिक्षण प्रथाएं |
| आईबीए | सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल अवार्ड | बड़े बैंकों के मध्य सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल |
| | सर्वश्रेष्ठ तकनीकी बैंक अवार्ड | बड़े बैंकों के मध्य सर्वश्रेष्ठ तकनीकी बैंक |
| | सर्वश्रेष्ठ आईटी जोखिम प्रबंधन एवं साइबर सिक्योरिटी अवार्ड | बड़े बैंकों के मध्य आईटी जोखिम प्रबंधन एवं साइबर सिक्योरिटी में सर्वश्रेष्ठ पहल |
| बैंकिंग वित्तीय सेवाएं एवं बीमा | बैंकिंग वित्तीय सेवाएं एवं बीमा अवार्ड | अग्रणी वित्तीय समावेशन पहल |
| पीएफ़आरडीए | सर्वश्रेष्ठ कार्यनिष्पादन बैंक | बेस्ट परफॉर्मिंग बैंक – एपीवाई फॉर्मेशन डे |
| | | बेस्ट परफॉर्मिंग बैंक – क्लेस्ट फॉर क्राउन |
| एसोचेम | एसोचेम एसएमई एक्सलेंस अवार्ड | “बेस्ट एसएमई ऑफरिंग” - एमएसएमई हेतु नवोन्मेषी वित्तीय समाधान |
| केंद्रीय सतर्कता आयोग, भारत सरकार | विजिलेंस एक्सिलेंस अवार्ड | सतर्कता जागरूकता गतिविधियों के आयोजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन |
| एनपीसीआई | एनपीसीआई अवार्ड | रुपे कार्ड में बेहतरीन प्रदर्शन |
| स्कॉच अवार्ड | स्कॉच गोल्ड अवार्ड | स्ट्रेटेजिक ट्रांसफॉर्मेशन (यूनियन समृद्धि केंद्र मॉडल) के लिए बैंकिंग एंड फ़ाइनेंस गोल्ड टेक्नोलॉजी पुरस्कार |
| | | गवर्नेंस रिस्क मैनेजमेंट एंड कम्प्लायंस टूल के लिए साइबर सेक्यूरिटी गोल्ड पुरस्कार |
| | स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड | वित्तीय समावेशन पहल के लिए |
| | | टेक्नोलॉजी: भारत में उच्च बैंकिंग एवं फ़ाइनेंस प्रोजेक्ट के तहत स्ट्रेटेजिक ट्रांसफॉर्मेशन एवं वित्तीय समावेशन |
| | | गवर्नेंस रिस्क मैनेजमेंट में एसआईईएम टूल के लिए |
| | | भारत में उच्च साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट्स के तहत कम्प्लायंस टूल एंड एंटि डीडीओएस सोल्यूशन के लिए |

-----------------------------------------------X-----------------------------------------

दिनांक : 14 मई, 2019

स्थान : मुंबई